



## एक नजर में



### प्रतिबंध के बाद भी आए पर्यटकों को वापस लौटाया

**बुधनी.** कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार वर्षाकाल में जिले के सभी वॉटरफॉल, डैम, जल पर्यटन स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावी हैं. इन स्थानों परदुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए राजस्व, वन, पुलिस तथा अन्य विभागों के मैदानी अमले की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोका जा सके तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके. नायब तहसीलदार रामलोचन तिवारी ने बताया कि आज दिगंबर वॉटरफॉल पर भोपाल से आए 15 से अधिक पर्यटकों को प्रतिबंधात्मक आदेश की जानकारी देकर संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनज़र वापस लौटाया गया. अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यटकों से अपील की कि वे अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें.



### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा

**बुधनी.** सिविल अस्पताल परिसर में नव निर्मित कुंडेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. कलश यात्रा मेंमहिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सिर पर कलश रखकर सहभागिता की. मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया. अस्पताल परिसर में नव निर्मित कुंडेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता अर्जुन मालवीय एवं सीबीएमओ डॉ. डी. बड़ोदिया ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया. सोमवार को हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ धार्मिक आयोजन का समापन होगा. कलश यात्रा में भाजपा नेता अर्जुन मालवीय, हिउस अध्यक्ष सतीश गुप्ता, धीरेंद्र तिवारी, सतेंद्र शर्मा, विनोद शिवहरे, अजीत सिंह राजपूत, मनीष बाजपेई, पीयूष बिल्लौरे उपस्थित थे.



### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता रथ रवाना

**सीहोर.** विश्व जनसंख्या दिवस पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जनसंख्या स्थिरीकरण, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा किशोर स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. प्रचार प्रसार के लिए सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. रैली के माध्यम से आमजन को परिवार नियोजन में सहभागिता बढ़ाने तथा दीर्घकालिक एवं अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. अभियान 18 जुलाई तक चलाया जा रहा है.



### मारवाड़ी महिला सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह

**सीहोर.** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष सोडानी, प्रदेश सचिव संगीता भूतड़ा, राजकुमारी माहेश्वरी सहित अन्य महिलाओं ने अध्यक्ष श्रीमती मंजु अग्रवाल को शपथ दिलाई. रजनी वाहेती, सचिव विनिता सोनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस दौरान श्रीमती प्रेमलता रुठिया, संगीता राठी, ज्योति रुठिया, प्रतिभा झंवर, संध्या विजयवर्गीय, ज्योति सोनी, मोना चौरसिया, इंदु भावसार, आभा कासट, राधा शर्मा, शशि अग्रवाल, गीता सोडानी, पुष्पा सोनी, राजू पालीवाल, ममता पितालिया, मंजू भरतिया, सरोज सोनी, निर्मला व्यास और किरण सोनी आदि शामिल थे.



### मण्डी प्रांगण में हुआ पुण्यानुदान एवं परित्राण पाठ

**आष्टा.** मण्डी सचिव नरेंद्र मेश्राम की स्वमाता श्रीमती द्वारका मेश्राम के पुण्यानुदान एवं परित्राण पाठ का आयोजन मण्डी प्रांगण में किया गया. कार्यक्रम में मण्डी व्यापारी, कर्मचारी और धर्म बंधु उपस्थित हुए. इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, अर्जुन सिंह, अजय शामिल हुए. श्रद्धांजलि सभा में श्री परमार ने श्रीमती द्वारका मेश्राम के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि माताजी द्वारका बाई सरल, सहज और संस्कारवान महिला थीं. उनका जीवन सेवा, त्याग और परिवार के प्रति समर्पण का उदाहरण था. वे हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहती थीं और धर्म-कर्म में आस्था रखती थीं. एक अच्छी मां ही अच्छे नागरिक और अच्छे अधिकारी बनाती है. मण्डी परिवार की ओर से अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया.

# आरटीओ की प्लेट लगाकर सागौन तस्करी

## रेहटी क्षेत्र के देलावाड़ी वन परिक्षेत्र में आरटीओ की प्लेट लगी बुलेरो व कार से अवैध सागौन बरामद

- आमाडोह के समीप देर रात वन विभाग ने की कार्रवाई
- चार आरोपी गिरफ्तार, बड़ी संख्या में सागौन जब्त

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ रेहटी 11 जुलाई. वन विभाग और पुलिस की चैकिंग से बचने के लिए सागौन के तस्करों ने हैरतअंगेज तरीका तलाश निकाला. सागौन तस्करों ने एक बुलेरो पर आरटीओ की तख्ती लगाई और सागौन के अवैध परिवहन में लग गए. हालांकि इसके बाद भी वन विभाग के अमले ने उनकी कारस्तानी को भांप लिया और बुलेरो सहित एक कार को पकड़ते हुए उसमें भरी अवैध सागौन की सिल्ली सहित चार आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है.**

जिले के जंगलों में सागौन तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि पुलिस और वन विभाग की आंखों में धूल झोंकने के लिए उन्होंने अपनी बुलेरो पर आरटीओ की प्लेट तक लगा दी. लेकिन वन विभाग की सतर्कता और सटीक रणनीति के आगे उनकी चालाकी ज्यादा देर नहीं टिक सकी. जिले के वन परिक्षेत्र देलावाड़ी में वन अमले ने गुरुवार की देर रात






**रेहटी.** वन विभाग के अमले द्वारा आमाडोह गांव के समीप से आरटीओ लगी तख्ती वाली बोलेरो और कार में सवार चार लोगों को पकड़कर उसमें रखी अवैध सागौन जब्त की है.

घेराबंदी कर अवैध सागौन परिवहन में लगी एक कार और एक बोलेरो को पकड़ लिया. कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार चार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

मामले में वन परिक्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार खरे ने बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल क्षेत्र से कीमती सागौन की लकड़ी अवैध रूप से काटकर वाहनों के माध्यम से बाहर भेजी जा रही है. मुखबिर की सूचना मिलते ही वन अधिकारियों ने टीम गठित कर संभावित मार्गों पर घेराबंदी कर दी.

कुछ ही देर बाद ग्राम आमाडोह के नजदीक संदिग्ध कार और बोलेरो मौके पर पहुंचीं. बताया जाता है कि पहले तो वन अमले ने आरटीओ की तख्ती लगी बोलेरो को जाने दिया, लेकिन जब उसके पीछे आ रही होंडा सिटी कार को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें अगली सीट हटाकर अवैध रूप से रखी सागौन की सिल्लियां नजर आईं. कार में सवार लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने आगे निकली बोलेरो से भी सागौन की अवैध तस्करी के बारे में बताया. वन अमले ने तुरंत बोलेरो का पीछा किया और उसे भी पकड़ लिया. उसमें से भी सागौन की अवैध लकड़ी मिली, जिसके बाद दोनों वाहन जब्त कर लिए गए. रेंजर खरे ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है.

### आरोपियों का कहना पूर्व में आरटीओ में थी अटैच

बुलेरो और होंडा सिटी कार के साथ पकड़ाए आरोपी ग्राम मालाखेड़ी निवासी सोहेल शेख आ. नासिर शेख, नीलेश यादव आ. छोटेलाल यादव, अर्पित यादव आ. शारदा प्रसाद यादव के अलावा सुरई ढाबा निवासी सुरेश आ. कान्हा बारेला ने पूछताछ में बताया कि उक्त बुलेरो क्रमांक एमपी 05 टी 2181 पूर्व में नर्मदापुराम के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में अटैच थी. अटैचमेंट समाप्त होने के बाद भी उन्होंने वाहन पर लगी तख्ती को नहीं हटवाया था. पुलिस व वन विभाग की चैकिंग से बचने के लिए वह इसका उपयोग सागौन की तस्करी में कर रहे थे.

## महाराष्ट्र से बरामद हुई नाबालिग बालिका



**भैरुंदा.** स्थानीय पुलिस ने बीते सात माह से लापता एक नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र के जलगांव से बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है. बालिका की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद इनाम भी घोषित किया गया था. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 28 नवंबर को थाने में फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी थी. पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान पता चला कि आरोपी संदेही बालिका को अपने साथ लेकर स्थानीय पते से फरार हो गया था. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से लगातार उसकी तलाश जारी रखी. इसी दौरान पुलिस ने नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र के जलगांव से बरामद कर लिया गया. नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, महेंद्र, रवीन्द्र, सतेन्द्र तथा साइबर सेल की भूमिका रही.

## समिति ने कराया निर्धन का दाह संस्कार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 जुलाई.** विगत कई सालों से सत्य समिति की ओर से निर्धन, बेसहारा और असहाय व्यक्ति का दाह संस्कार कराया जा रहा है. इसी कड़ी में शहर के गंज स्थित सिलावट मोहल्ले के 32 साल की एक निर्धन महिला का निर्धन हो गया था. जानकारी मिलते ही छावनी विश्राम घाट अंतिम संस्कार किया गया. अब तक करीब 108 लोगों का अंतिम संस्कार करवाया जा चुका है.

समिति के सदस्यों ने आठ साल पहले असहाय निशक्त एवं निर्धन जनों के अंतिम संस्कार तथा क्रिया कर्म के लिए समिति के माध्यम से आपसी सहयोग एवं नगर के लोगों से सहयोग लेकर अंतिम संस्कार कराने का निणर्य लिया गया था. जिससे मृत व्यक्ति की आत्मा को मुक्ति मिल सके. आज के अंतिम संस्कार में प्रेरणा महिला मंडल ने सहयोग किया.

अग्रवाल ने बताया समिति अध्यक्ष शंकर प्रजापति व सदस्यों को निर्धन व्यक्ति के मृत होने की जानकारी मिलती है, वैसे ही संस्था के द्वारा उसके अंतिम संस्कार का इंतजाम किया जाता है. सत्य की ओर से हरीश अग्रवाल, शंकर प्रजापति, डॉ. कैलाश अग्रवाल, शैलेन्द्र चंदेल, सुनील दुबे, ललित जैन, नंदकिशोर राठौर, श्याम मोदी, डॉ. नरोलिया, कमलेश कटारे आदि शामिल थे.

## अभद्रता पर भड़के चिकित्सक संघ ने दी चेतावनी

- एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, की दोषियों पर कार्रवाई की मांग
- सोमवार से काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

नवभारत न्यूज

**आष्टा 11 जुलाई.** सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. भूरेलाल परमार के साथ हुई अभद्रता के मामले में प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर शनिवार को सीबीएमओ डॉ. अमित माथुर के नेतृत्व में चिकित्सकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई.

चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि यदि सोमवार तक आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा. सोमवार और मंगलवार को आष्टा खंड के सभी अस्पतालों का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्टाफकाली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएगा. इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर चिकित्सक हड़ताल पर चले जाएंगे. इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं संचालित होंगी, जबकि सामान्य ओपीडी एवं अन्य सेवाएं बंद रहेंगी. डॉक्टर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. नवीन मेहर ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जिले भर के चिकित्सक आंदोलन में शामिल होंगे ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ. अमित माथुर, डॉ. अभिषेक नारेडा, डॉ. जयदीप सिसोदिया, डॉ. अंकित पुरवाल, डॉ. संतोष करंजा, डॉ. हीनोपमा ठाकुर, डॉ. भूरेलाल परमार, डॉ. राजेंद्र पांडे, डॉ. निर्मलेवाड़ा उपस्थित थे.



## समाज के भीतर संवाद से भी स्थापित होता न्याय

- न्यायालय में तीन दिवसीय मध्यस्थता प्रशिक्षण प्रारंभ
- प्रधान न्यायाधीश ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 जुलाई.** प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने 11 से 13 जुलाई तक आयोजित होने वाले सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

उन्होंने कहा कि न्याय केवल न्यायालयों में नहीं मिलता अनेक बार वह समाज के भीतर संवाद विश्वास और सहभागिता से भी स्थापित होता है. प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में सर्वप्रथम यह पहल की गई है, जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हो रहे है. इस अवसर पर सीनियर ट्रेनर एमसीपीसी. मोह मद शाहिद, मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश भावना साधी, वैभव मंडलोई, हेमंत जोशी, स्मृतासिंह ठाकुर, एमके वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी सहित न्यायिक अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, विधिक सेवा कर्मचारीगण उपस्थित थे.




## बड़बोले पटवारी पर हो सख्त कार्रवाई : शर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 जुलाई.** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर इछावर में पदस्थ बड़बोले पटवारी ऋषि यादव पर कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें निलंबित करने की बात कही है.

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों एक भाजपा नेता और उक्त पटवारी का ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें ये पटवारी पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई भाजपा नेताओं और अपने ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बारे में अनर्गल बातें करते हुए स्वयं को भाजपा कार्यकर्ता बता रहा था और कह रहा था कि कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता, वो पहले भी नौकरी से अनुपस्थित रहा है. उसके पास अकूत संपत्ति होने की बात भी सामने आ रही है तथा ऑडियो के अंत में वो भाजपा नेता को गालियां देते हुए भी सुनाई दे रहा है तथा ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वो नशे में ऐसी अनावश्यक और अनर्गल बातें कर रहा हो. पंकज शर्मा ने वर्षों से एक ही हल्के में जमे पटवारियों को भी तत्काल हटाने की मांग की है.

## निगरानी समिति दिशा की बैठक 18 को

**सीहोर.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 18 जुलाई को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में सभी विभागों की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी. अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

## सड़क पर पलटे टैंकर का ऑइल लूटने मची आपाधापी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 जुलाई.** जिले के खामलिया रोड पर आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब अनियंत्रित टैंकर सड़क किनारे पलट गया. गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन टैंकर के पलटते ही उसमें भरा हुआ तेल ऑयल, डामर तेजी से सड़क पर बहने लगा.

जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों और वहां से गुजर रहे राहगीरों को टैंकर पलटने और तेल बहने की खबर मिली,लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा.

दुर्घटनास्थल पर देखते ही देखते अफरा-तफरी का माहौल बन गया. लोग अपने घरों से जो हाथ लगा डब्बे, बाल्टियां, खाली बोतलें और पीपे लेकर सड़क की ओर दौड़ पड़े. बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी बहते हुए काले गाढ़े तेल को बर्तनों में समेटने की जद्दोजहद में जुटे हुए हैं. लोग अपनी जान की परवाह किए बिना पलटे हुए टैंकर के बेहद करीब जाकर तेल इकट्ठा करते नजर आए. टैंकर के बीच सड़क से हटकर पलटने और भारी भीड़ जमा होने के कारण खामलिया मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ. घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और टैंकर को रास्ते से हटाकर आवागमन सुचारू किया जा सके.

इस तरह के हादसों के वक्त ज्वलनशील या रासायनिक पदार्थों के रिसाव के बीच जाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है. प्रशासन लगातार लोगों से ऐसे समय पर सावधानी बरतने की अपील करता है.

## फरार इनामी डबल मर्डर का दोषी गिरफ्तार

**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने छह वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी एवं डबल हत्या के मामले में आजीवन कारावास से दंडित आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी वर्ष 2021 में पैरोल पर आने के बाद फरार हो गया था. वर्ष 2010 में ग्राम धामनखेड़ा में लड़की छेड़ने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने बलराम खाती के साथ मारपीट की, जिससे उनकी मृत्यु हो गई. जांच पूरी होने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. प्रकरण की सुनवाई के बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने 3 सितंबर 2011 को आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया. इनमें से आरोपी कल्लू उर्फ कालू भिलाला वर्ष 2021 में पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था, जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने वारंटी एवं सजायाफ्ता आरोपी कल्लू उर्फ कालू भिलाला पिता मांगीलाल भिलाला निवासी ग्राम धामनखेड़ा को ग्राम देवास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया.


**समस्या** ▶ जगह- जगह उखड़ी गिट्टियों और गहरे गड्ढे होने के कारण अक्सर होते सड़क हादसे

## टोल पूरा, सड़क अधूरी, नेशनल हाईवे पर जारी मौत का सफर

नवभारत न्यूज

**बुधनी 11 जुलाई.** दिल्ली को मप्र के रास्ते महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-46 बी इन दिनों अपनी बदहाली को लेकर सवालों के घेरे में है. करोड़ों रुपए का टोल वसूलने के बावजूद सड़क की हालत बिगड़ती जा रही है.

जगह-जगह उखड़ी सड़क, गहरे गड्ढे और बिखरी गिट्टी वाहन चालकों के लिए परेशानी ही नहीं, बल्कि जानलेवा साबित हो रही है. समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो यह मार्ग कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है. सबसे चिंताजनक स्थिति बगवाड़ा टोल प्लाजा से तीन किमी दूर स्थित गडरिया नाले फ्लाईओवर की है. फ्लाईओवर की सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है. गहरे गड्ढों और उखड़ी सतह के कारण वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं. वहीं भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है और गिट्टी फैल जाने से दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है.



लोगों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है. गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय उन पर मिट्टी और गिट्टी डालकर रोलर चला दिया जाता है, जो कुछ ही दिनों में फिर उखड़ जाती है और वाहन चालकों को जोखिम उठाना पड़ता है. नागरिकों और वाहन चालकों ने गडरिया नाले फ्लाईओवर सहित पूरे क्षतिग्रस्त मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है. साथ ही सड़क निर्माण एवं रखरखाव के लिए एजेंसी की जवाबदेही तय कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग भी की है.